
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 283 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...बड़े बदलाव की जरूरत




# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 21 दिसंबर 2019




मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 7.0°

41681.54

2 जल्द से जल्द चलाया जाए महाभियोग

7 क्रिकेटर को एनसीए से गुजरना होगा

# भूकंप से कांपा पूरा उत्तर भारत

अफगानिस्तान के हिंदूकुश में धरती से 200 किलोमीटर अदंर था भूकंप का केंद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शुक्रवार की शाम दिल्ली समेत भारत के कई जगहों पर भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार कहीं किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि भूकंप के झटके के बाद लोग डर और भय से घरों से बाहर निकल गए। वहीं ऑफिस में भी काम करने वाले लोग अपने कार्यस्थल से बाहर आकर अपनी-अपनी जान बचाई। यूएस सिस्मोलॉजिक्ल सेंटर के मुताबिक इस भूकंप की तीव्रता 6.4 रही है। इस भूकंप का केंद्र काबुल से 245 किलोमीटर की दूरी पर था। भूकंप भारत के समयानुसार 5 बजकर 12 मिनट के आसपास महसूस किया गया है।

भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान

रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.8 दर्ज की गई

**जोन -चार में है दिल्ली**

यह हिमायल के करीब भी है। ऐसे में हिमायली इलाके में अगर भीषण भूकंप आया तो दिल्ली में ज्यादा तबाही मच सकती है। एनसीआर के भी कई इलाकों में तबाही मच सकती है।

के हिंदुकुश में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.4 मापी गई है। यह भूकंप के झटके पंजाब, हरियाणा, कश्मीर महसूस किए गए हैं। वहीं इस भूकंप के झटके को पाकिस्तान के इस्लामाबाद और अन्य जगहों पर भी महसूस किया गया है। राजधानी इस्लामाबाद समेत कई शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस झटके से करीब 10 सेकेंड तक धरती कांपती रही।

**पाकिस्तान में भी जोरदार झटका**

पाकिस्तान में भी महसूस किए गए तगड़े झटके। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेशावर, रावलपिंडी में भूंकप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान में अभी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

**दिल्ली-एनसीआर में घरों से निकले लोगः** झटके महसूस होते दिल्ली-एनसीआर में लोग अपने-अपने घरों और दफ्तरों से बाहर की तरफ भागने लगे। अभी किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए। कई लोग तो जब तक समझ पाते तब तक सब शांत हो चुका था।

# कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। उन्नाव रेप केस में विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी विधायक को अब बाकी बची उम्र जेल में ही काटनी होगी। जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने इस मामले में सेंगर पर 25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जो उन्हें एक महीने के अंदर जमा करना होगा। साथ ही अदालत ने यह निर्देश भी दिया कि बलात्कार पीड़िता को 10 लाख रुपये का अतिरिक्त मुआवजा दिया जाए जो उनकी मां को मिलेगा। अदालत ने सीबीआई को पीड़ित और उसके परिवार को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने का भी आदेश दिया है।

अदालत ने कहा है कि सीबीआई को पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों के जीवन को खतरा और उनकी सुरक्षा का हर तीन महीने में आकलन करते रहना होगा। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को पीड़िता और उसके परिवार के किराए के आवास के लिए एक

**उन्नाव रेप केस**

25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है

**सेंगर ने लोगों के साथ विश्वासघात किया**

सजा का ऐलान करते हुए कोर्ट ने कहा, सेंगर ने जो भी किया, वह बलात्कार पीड़िता को डराने-धमकाने के लिए किया। हमें नरमी दिखाने वाली कोई परिस्थिति नहीं दिखी, सेंगर लोक सेवक था, उसने लोगों से विश्वासघात किया। उधर, सेंगर के लिए सीबीआई ने भी कोर्ट से उम्रकैद की सजा की मांग की थी।

साल तक प्रति माह 15,000 रुपये का भुगतान करने का भी आदेश दिया है। अदालत ने आदेश दिया कि पीड़िता और उसका परिवार दिल्ली महिला आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए किराए के आवास में एक साल तक रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

**जयपुर ब्लास्ट केस में 11 साल बाद फैसला**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। साल 2008 में जयपुर में हुए सीरियल बम ब्लास्ट केस में कोर्ट ने चारों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। विशेष अदालत के न्यायाधीश अजय कुमार शर्मा ने शुक्रवार शाम यह फैसला सुनाया। 11 साल पुराने मामले में बीते बुध्वार को सुनवाई करते हुए एक स्पेशल कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया था। वहीं एक आरोपी बरी कर दिया गया था। शुक्रवार को मामले पर फैसला देते हुए कोर्ट ने दोषी करार दिए गए सभी चार आरोपियों सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ, सैफुर रहमान और सलमान को फांसी की सजा सुनाई है।

**भारत की मलयेशिया को दो-टूक, हमारे आंतरिक मामले में न बोल**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने नागरिकता संशोधन कानून को लेकर अलग-अलग देशों की आ रही प्रतिक्रियाओं पर एक बार फिर दोहराया है कि यह हमारा आंतरिक मामला है और वे इसपर बयानबाजी करने से बचें। विदेश मंत्रालय ने ताजा प्रतिक्रिया मलयेशिया के पीएम मोहम्मद महातिर के बयान पर दी है।

**संदेह से बाहर निकलकर खुलकर निवेश करे उद्योग जगतः निर्मला सीतारमण**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को उद्योग जगत से कहा कि उसे आत्म संदेह वाली सोच से बाहर निकलना चाहिए और उत्साह के साथ निवेश के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बजट के बाद उठाए गए अनेक कदमों का जमीनी स्तर पर परिणाम दिखाई देने लगा है। उद्योग मंडल एसोचैम के 100वें सालाना सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने भारत की व्यवस्था को बदलने को लेकर मजबूती दिखाई है।

# सीएए पर दिल्ली और यूपी में बवाल

## दिल्ली में बवाल, यूपी में हिंसा में 5 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेरठ। नागरिकता कानून को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के कानपुर, मेरठ, फिरोजाबाद, गोरखपुर और मुजफ्फरनगर समेत कई अन्य जिलों में एकबार फिर से उपद्रव शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून को लेकर राज्य भर में हो रहे प्रदर्शन में शुक्रवार को पांच लोगों की मौत हो गई। फिरोजाबाद के नालवंद चौराहे में प्रदर्शन के दौरान एक उपद्रवी को गोली लग गई। आनन-फानन उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। उधर, कानपुर के अलग-अलग हिस्सों में उपद्रवियों द्वारा पथराव किया गया। पुलिस को स्थितियों पर नियंत्रण के लिए उपद्रवियों पर लाठीचार्ज करना पड़ा।



मुजफ्फरनगर और मेरठ में भी जुमे की नमाज के बाद काली बांधकर विरोध जताया गया। मुजफ्फरनगर में पथराव और आगजनी की भी खबर है।

**दरियागंज इलाके में प्रदर्शनकारियों ने जलाई कार**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन ने शुक्रवार को एकबार फिर हिंसक रूप धारण कर लिया। तमात एहतियाती कदम उठाने के बाद भी उपद्रवी भीड़ ने दरियागंज इलाके में वाहन में आग लगा दी और दिल्ली गेट इलाके में पथराव किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पानी की बौछार की और लाठीचार्ज किया।

पथराव की घटना उत्तर-पूर्व दिल्ली के सीलमपुर इलाके में भी हुई है जहां अडिशनल डीसीपी रोहित राजबीर सिंह घायल हो गए। शुक्रवार सुबह से ही राजधानी के कई इलाके में प्रदर्शन हो रहे हैं। पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके, दरियागंज, दिल्ली गेट, दक्षिणी दिल्ली के कुछ इलाके, उत्तर पूर्व दिल्ली के इंद्रलोक, सीमापुरी, केंद्रीय दिल्ली के इंडिया गेट पर लोग नागरिकता कानून के खिलाफ सड़क पर उतरे। कुछ इलाके में लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया तो कहीं प्रदर्शन ने हिंसक रूप अख्तियार कर लिया।

**सरकार ने विरोध करने वालों से सुझाव मांगे**

नई दिल्ली। नागरिकता (संशोधन) कानून को लेकर देश भर में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच कुछ मुख्यमंत्रियों द्वारा इसे अपने राज्यों में इसे लागू नहीं करने के फैसले पर गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बड़ी जानकारी दी है। सूत्रों का कहना है कि इस कानून को लागू करना केंद्र के तहत आता है। इसे लेकर छिड़े बवाल पर कहा कि सभी से चर्चा के बाद इस बिल को पेश किया गया था। इसके अलावा सूत्रों ने यह भी कहा है कि मंत्रालय ने प्रदर्शन करने वालों से इस बिल को लेकर अपने सुझाव भी मांगे हैं।

## लोगों की आवाज दबा रही है बीजेपीः सोनिया गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून पर मचे घमासान के बीच कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विडियो संदेश जारी कर सरकार के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोगों को सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है, लेकिन सरकार उनकी घोर उपेक्षा कर रही है और क्रूरता पूर्वक दबा रही है। सोनिया गांधी ने कहा, श्बीजेपी सरकार देशभर में छात्रों और जनता की ओर से हो रहे प्रदर्शन जिस तरह दबा रही है उसको लेकर कांग्रेस पार्टी चिंतित है। देशभर के विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम और दूसरे अग्रणी शिक्षा संस्थानों में छात्र बीजेपी सरकार की विभाजनकारी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ स्वतरू विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लोकतंत्र में लोगों को गलत फैसलों के खिलाफ आवाज उठाने और चिंता प्रकट करने का हक है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह लोगों की बात सुने और उनकी चिंताओं को दूर करे।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# झारखंड में बीजेपी को नुकसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। झारखंड में विधानसभा की वोटिंग खत्म हो चुकी है और एग्जिट पोल के अनुमान सामने आ चुके हैं। अगर एग्जिट पोल की मानें तो राज्य में बीजेपी के लिए मुश्किल होने वाली है जबकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाती हुई दिख रही है। किसी भी एग्जिट पोल में बीजेपी बहुमत के करीब नहीं दिखाई दे रही है। एग्जिट पोल के अनुसार, जेएमएम के नेतृत्व वाले गठबंधन को 31-39 सीटें मिलने का अनुमान है जबकि बीजेपी को 28-38 सीटें मिल सकती हैं। बता दें कि राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 41 है।

■जेएमएम-कांग्रेस सरकार बनाने के करीब

इंडिया टुडे एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार, झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस की सरकार बनने का अनुमान है। एक्सिस माय इंडिया के अनुसार, बीजेपी को 22-32, जेएमएम् को 38-50, जेवीएम को 2-4, एजेएसयू को 3-5 और अन्य को 4-7 सीटें मिल सकती हैं।